सबधाणी कोचिंग इन्स्टीट्यूट
1972 से निरंतर
आईएसओ 9001:2008 सर्टिफाइड इन्स्टीट्यूट

DAILY CURRENT AFFAIRS 6ST SEPTEMBER 2017

अन्तर्राष्ट्रीय

1. क्यूबा में राजनीतिक संक्रमण की शुरुआत

क्यूबा में पांच महीने के राजनीतिक संक्रमण का प्रारंभ हो गया है, जोकि राउल कास्त्रो के राष्ट्रपति पद से हटने के साथ, 60 वर्षों से उनके परिवार द्वारा राजनीति में वर्चस्व खत्म होने के समाप्त होगी। इस महीने के शेष दिनों में, क्यूबा नगर निगम के प्रतिनिधियों को नामांकित करने के लिए वहां के लोग छोटे समूहों में मिलेंगे।

- क्यूबा के अधिकारियों ने बताया कि 12,515 ब्लॉक-स्तरीय जिलों में नगर परिषद चुनावों के लिए 22 अक्टूबर को उम्मीदवार नामांकित होंगे।
- दूसरे चरण में एक आयोग जिसमें सरकार से सम्बंधित संगठनों का वर्चस्व होगा, प्रांतीय असेंबली एवं क्यूबा के नेशनल असेंबली चुनाव के लिए उम्मीदवारों का चयन करेगी।
- फरवरी तक कांग्रेस द्वारा राष्ट्रपति और शक्तिशाली परिषद के सदस्यों को चुन लेने की उम्मीद है। कास्त्रो ने कहा है कि वह उस तारीख तक राष्ट्रपति पद छोड़ देंगे, जबकि ये माना जा रहा है कि वे कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष बने रहेंगे।

2. भारत से म्यांमार को पहले डीजल खेप भेजी गयी

भारत और म्यांमार के बीच बढ़ती हाइड्रोकार्बन की आपसी लेनदेन को चिह्नित करते हुए, 30 लाख टन हाई स्पीड डीजल की पहली खेप भारत से म्यानमार के लिए भूमि मार्ग द्वारा भेजी गयी है।

- बांग्लादेश में एचएसडी की आपूर्ति कर रहे नुमालीगढ़ रिफाइनरी लि (एनआरएल) ने भारतीय सीमा पर मोरह कस्टम चेक प्वाइंट में राष्ट्रीय राजमार्ग 37 से और म्यांमार की तरफ तामू कस्टम चेक प्वाइंट से पहली डीजल खेप भेजी है।
- म्यांमार के लिए डीजल खेप की आपूर्ति प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने में एक और कदम है, जिसमें पड़ोसी देशों के साथ हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में तालमेल बढ़ाना और साथ ही साथ भारत के लुक ईस्ट पॉलिसी को बढ़ावा देना भी शामिल है।
- एनआरएल ने म्यांमार के खुदरा पेट्रोलियम क्षेत्र में सहयोग और डीजल की आपूर्ति के लिए पारामी एनर्जी समूह की कंपनियों के साथ समझौता किया है। भारत-म्यांमार सीमा से 420 किलोमीटर दूर स्थित एनआरएल रिफाइनरी, उत्तरी म्यांमार को डीजल की आपूर्ति करने के लिए आदर्श है जहां विशेष रूप से बरसात के मौसम में कनेक्टिविटी एक चुनौती है।

राष्ट्रीय

3. 5 सितंबर को मनाया गया शिक्षक दिवस

SABDHANI COACHING INSTITUTE

देश के पहले उपराष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जो शिक्षाविद, राजनीतिज्ञ और दार्शनिक थे, के जयन्ती को मनाने के लिए सम्पूर्ण देश में शिक्षक दिवस मनाया गया।

- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर शिक्षकों को बधाई दी है।
- इस अवसर पर प्राथमिक, मध्य और माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा जाएगा।
- ये पुरस्कार 1958 से दिए जा रहे हैं और प्रत्येक पुरस्कार में एक पदक, प्रमाण पत्र और 50 हजार रुपए दिए जाते हैं। स्कूलों में समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने वाले विशेष शिक्षकों के लिए विशेष पुरस्कार भी स्थापित किए गए हैं।
- विश्व शिक्षक दिवस प्रत्येक वर्ष 5 अक्टूबर को मनाया जाता है।

4. लखनऊ मेट्रो का परिचालन प्रारंभ

लखनऊ मेट्रो का पहला व्यावसायिक परिचालन आज शुरू हो गया। केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल राम नाइक ने झंडी दिखाकर मेट्रो रेल का परिचालन प्रारंभ किया।

- मेट्रो ट्रेन कल सुबह से जनसामान्य के लिए उपलब्ध होगी। प्रत्येक ट्रेन में चार कोच हैं और इसमें एक समय में 1,100 यात्रियों को समायोजित करने की क्षमता होती है, जिसमें 200 लोगों के लिए बैठने की क्षमता है। कोचों को एलईडी लाइट और सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है।
- मेट्रो ट्रांसपोर्ट नगर से चारबाग तक चलेगा, जो कि परियोजना के चरण 1 का हिस्सा है, और इसके बीच 8 स्टेशन हैं जो जनता के लिए प्रतिदिन सुबह 6 से रात के 10 बजे तक चलेंगे।
- इस चरण की लागत करीब 2600 करोड़ रूपए है और इसे पूरा करने में लगभग 3 वर्ष लग गए।

5. स्टार इंडिया को मिले आईपीएल मीडिया अधिकार

SABDHANI COACHING INSTITUTE

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले पांच वर्षों के मीडिया अधिकार स्टार इंडिया को प्रदान किये गए हैं।

- स्टार इंडिया ने 2018 - 2022 की अवधि के लिए इंडियन प्रीमियर लीग के विभिन्न मीडिया अधिकारों के लिए मुंबई में आयोजित की गई बोली में 16,347.50 करोड़ रुपये की बोली लगाकर मीडिया अधिकार प्राप्त कर लिया।
- भारत द्वारा खेले जाने वाले प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय मैच के लिए मिलने वाले 43 करोड़ रूपए की तुलना में प्रत्येक आईपीएल मैच के लिए बीसीसीआई को 55 करोड़ रुपये मिलेंगे रुपये मिलेंगे।
- मीडिया अधिकार में भारत, मध्य पूर्व, अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए टीवी और डिजिटल अधिकार शामिल हैं।
- 2008 में हुई पिछली बोली में सोनी ने 10 वर्षों के लिए 8200 करोड़ रूपए की बोली लगाकर मीडिया अधिकार प्राप्त किए थे।

6. कोन्सम ओरमिला देवी राष्ट्रमंडल युवा भारोत्तोलन में स्वर्ण पदक जीता

राष्ट्रमंडल युवा भारोत्तोलन चैंपियनशिप के पहले दिन कोन्सम ओरमिला देवी ने 44 किग्रा श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता।

- उन्होंने स्नैच में 57 किग्रा एवं जर्क में 76 किग्रा वजन सहित कुल 133 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में राष्ट्रमंडल युवा भारोत्तोलन चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है।

7. फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा बैंकिंग परिचालन प्रारंभ

फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक ने आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु सहित चार राज्यों में 25 संचालन शाखाओं के साथ अपना कार्य शुरू किया है।

- इससे पहले इसे दिशा माइक्रॉफ़िन लिमिटेड के रूप में जाना जाता था।

SABDHANI COACHING INSTITUTE

- आरबीआई ने मई 2017 में इस बैंक को स्माल फाइनेंस बैंक लाइसेंस प्रदान किया है।
- सीईओ: राजीव यादव
- मुख्यालय: बेंगलुरु

8. तृणमूल नेता सुल्तान अहमद का निधन

पूर्व केंद्रीय मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के सांसद सुल्तान अहमद का ह्रदय गति रूक जाने से निधन हो गया।

- वे उलबेरीया निर्वाचन क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस पार्टी से लोकसभा के लिए चुने गए थे।
- वे यूपीए सरकार में केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री थे।

SABDHANI COACHING INSTITUTE